# बी.डी.एम. इंटरनेशनल के छात्रों ने लहराया परचम






**कोलकाता, 13 मई (नि.प्र.)।** बी.डी.एम इंटरनेशनल ने सी.बी.एस.ई सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्ट्रीममें उच्च अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा शीतल प्रिया ने ह्यूमैनिटीज में 98.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साइंस की उर्तौलिका नंदा , कॉमर्स के अनुराग दत्ता और ह्यूमैनिटीज की ओइसी घोष ने 98% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सुभोमिता मुखर्जी ने ह्यूमैनिटीज में 97.6% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त स्ट्रीम वाइज टॉपर्स की सूची भी जारी की गई। ह्यूमैनिटीज में शीतल प्रिया (प्रथम), ओइसीघोष (द्वितीय) तथा सुभोमिता मुखर्जी (तृतीय) स्थान पर रहीं। कॉमर्स में अनुराग दत्ताने (प्रथम), श्रेष्ठ दास ने (द्वितीय) एवंआद्रिकटिकादार( तृतीय) और साइंस में उर्तौलिका नंदा(प्रथम), सव्यसाची लश्कर (द्वितीय) तथा कनिष्क मुखर्जी (तृतीय) स्थान पर रहे। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।